महत्वपूर्ण एवं खास

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है. किरंदुल निवासी युवती पढ़ाई के लिए राजधानी रायपुर आई थी. इसी दौरान रायपुर के टिकरापारा निवासी अल्तमस सिद्दीकी ने दोस्ती कर युवती को भरोसे में ले लिया. बाद में आरोपी युवक ने युवती को शादी करने की बात कहकर युवती का दैहिक शोषण करने लगा. युवती की शिकायत पर किरंदुल थाने में केस दर्ज किया गया था. किरंदुल थाने से मिली केस डायरी के आधार पर टिकरापारा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. मामले में विस्तृत तस्दीक जारी है।

सुबह की सैर पर निकली दो छात्राएं आई करेंट की चपेट में, मौत

राजनांदगांव (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से एक हृदय विदारक घटना प्रकाश में आ रही है। घटना शनिवार की बताई जा रही है जिले के डोंगरगढ़ के मोहारा चौकी इलाके की घटना बताई जा रही है जानकारी के अनुसार ग्राम घोटिया की दो छात्राएं टिकेश्वर ई रजक और नीलेश मंडावी शनिवार सुबह टहलने के लिए निकली थी इसी दौरान गांव के ही एक खेत में लगे तार की करंट की चपेट में अचानक वे दोनों आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने इसकी शिकायत मोहारा चौकी में दर्ज कराएं शिकायत दर्ज होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दोनों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और खेत के मालिक इलेश मंडावी के विरुद्ध धारा 304 के तहत अपराध दर्ज किया है इस दुखद हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

संभाग सहित पड़ोसी राज्यों के मरीजों का हुआ मोतियाबिंद का ऑपरेशन, 183 मरीज हुए डिस्चार्ज

सूरजपुर (आरएनएस)। मोतियाबिंद ऑपरेशन करा कर 183 मरीजों डिस्चार्ज हुए आज डिस्चार्ज मरीजों को रवानगी के हरी झंडी दिखाने व कुशल विदाई कार्यक्रम में दंतेवाड़ा के बचपन बचाओ पी सिंहा, प्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष कंचन सोनी सूरजपुर जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मो. जफ़र जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी की उपस्थिति में वह कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अगुवाई में ऑपरेशन उपरांत कुशल मरीजों को जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क बस से उनके घर तक पहुंचाया जा रहा है मोतियाबिंद के ऑपरेशन करा कर आज 183 मरीज डिस्चार्ज हुए हैं जिसमें सूरजपुर के 62, प्रतापपुर 09, ओड़गी के 09, भैयाथान 19, रामानुज नगर साथ सहित अन्य जिला के कोरिया एक सरगुजा 67 बलरामपुर दो व अन्यत्र राज्य के मरीज मध्य प्रदेश 2 उत्तर प्रदेश 1 सहित झारखंड 1 के मरीज थे। इन सभी मरीजों को मुख्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई साथ ही सकुशल होने की कामना की।

मंदिर का ताला तोड़कर नगदी चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। मंदिर व शटर का ताला तोड़कर आलमारी में रखा नगदी चोरी कर लेने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक संजय नगर टिकरापारा निवासी रमेश मिश्रा 50 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि संजय नगर में स्थित बजरंगबली के मंदिर में पूजा पश्चात शुक्रवार को शाम करीब 07 30 बजे ताला बंद कर दिये थे । मोहल्लेवासी दुर्गा स्थपना हेतु माना से वापस रात करीब 01 00 बजे आये तब भी मंदिर का ताला लगा हुआ था। दूसरे दिन सुबह मोहल्ले के कलाबाई मंदिर गई तो देखी मंदिर के बाहर व अंदर लगे ताला टुटा हुआ है । तब उसने इसकी जानकारी मोहल्ले में दी,मंदिर में जाकर देखने पर सटर व लोहे का ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखे तो आलमारी का ताला टुटा हुआ सामान बिखरा पड़ा था।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के जीवन में आ रहा है तेजी से बदलाव : भूपेश बघेल

» लोगों का विश्वास जीत कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है

» शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों की आय बढ़ाने पर है मुख्य फोकस

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राज्य सरकार विकास, विश्वास और सुरक्षा की नीति अपनाकर इन क्षेत्रों में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ-साथ विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इससे नक्सलियों से लोगों का मोह भंग हो रहा है। नक्सल गतिविधियां अब सिमट सी गई है। इन क्षेत्रों में लोगों के जीवन में आ रहे बदलाव से यह बात स्पष्ट होती है। बघेल आज एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम 12 आवर स्वस्थ्य भारत सम्पन्न भारत टेलीथॉन कार्यक्रम को बेमेतरा जिला मुख्यालय से वर्चुअल रूप से सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महानायक अमिताभ बच्चन के एक प्रश्न के जवाब में बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत करने के लिए चिकित्सकों और स्टाफ की नियुक्ति की गई है। दंतेवाड़ा जिले से मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की शुरूआत की गई थी, यह योजना राज्य के सभी जिलों में संचालित है। उन्होंने कहा कि हमने इन क्षेत्रों में विकास, विश्वास और सुरक्षा की रणनीति पर काम करना शुरू किया। इससे आम जनता तक सरकार की पहुंच बनी। इस नीति पर अमल करते हुए हमने लोगों तक स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सार्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली और सोलर उर्जा से बिजली पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों और कार्यक्रम से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लागों के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। बीजापुर में दिसंबर 2018 तक, जहां साल भर में एक दो टेऊक्टर की ब्रिकी होती थी आज यह आकड़ा 400 के पार पहुंच गया है। वहीं मोटर सायकलों की ब्रिकी संख्या औसतन 15-16 से बढ़कर 5000 तक पहुंच गई है। इन क्षेत्रों में वनअधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन कर लोगों को वनाधिकार पट्टे दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में वर्षों से बंद सैकड़ों स्कूल फिर से शुरू किए गए है। धुर नक्सल क्षेत्र जगरगुण्डा के स्कूलों में भी अब अध्ययन-अध्यापन सुचारू रूप से होने लगा है। बीजापुर के सिलगेर गांव में शासन-प्रशासन द्वारा शिविर आयोजित कर तीन हजार लोगों के आधार कार्ड, जाब कार्ड बनाने बनाए गए। उन्होंने कहा कि नक्सल गतिविधियां अब बीजापुर और नारायणपुर में सिमट कर रह गई है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत करने के लिए बस्तर अंचल के सभी अस्पतालों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए। इन क्षेत्रों में लोग सप्ताह में एक बार हाट बाजार जरूर जाते हैं, इसलिए हमने लोगों की चिकित्सा का इंतजाम भी हाट बाजारों में किया। मलेरिया मुक्त अभियान चलाया इस अभियान के दौरान 14 लाख लोगों का मलेरिया के लिए रक्त परीक्षण किया गया। आज इन क्षेत्रों में मलेरिया के प्रकरण 40 प्रतिशत से घट कर 4-5 प्रतिशत रह गए है। इसके अलावा मोबाइल मेडिकल यूनिट और दाई दीदी क्लिनिक के जरिए भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये दोनों ही योजनाएं काफी लोकप्रिय है। दाई-दीदी क्लिनिक वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित है। जल्द ही इसका विस्तार पूरे प्रदेश में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कुपोषण मुक्ति अभियान की सराहना हाल में ही नीति आयोग ने की है। राज्य में 37.8 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से और 41.5 प्रतिशत महिलाएं एनिमिया से पीड़ित थी इस लिए राज्य में लोगों के लिए गरम भोजन देने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक साल में कुपोषण के मामले में उल्लेखनीय कमी आयी है। इसी प्रकार स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए लोगों को जागरूक करने की पहल के सार्थक परिणाम देखने को मिल रहा है।

देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। शहर के सरस्वती नगर थाना पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार आज सायबर सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कोटा में एक व्यक्ति अपने पास कट्टा व जिंदा कारतूस रखा है जिसे लेकर घुम रहा है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुए सायबर सेल एवं थाना सरस्वती नगर की संयुक्त टीम को आरोपी की पतासाजी कर कट्टा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर सायबर सेल एवं थाना सरस्वती नगर की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति की कोटा क्षेत्र में पतासाजी प्रारंभ की गई। पतासाजी के दौरान व्यक्ति को कोटा स्थित सुयश अस्पताल के पास चिन्हांकित कर पकड़कर पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम कमलेश साहू निवासी टीचर्स कालोनी कोटा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा कमलेश साहू की तलाशी लेने पर उसके पास 01 नग देशी कट्टा एवं 03 नग जिंदा कारतूस रखा होना पाया गया। कट्टा व कारतूस रखने के संबंध में कमलेश साहू से वैध दस्तावेज की मांग की गई, परंतु उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई भी वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर आरोपी कमलेश साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग देशी कट्टा एवं 03 नग जिंदा कारतूस जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 165/21 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना : उद्यानिकी फसल उत्पादकों को 9000 रुपए प्रति एकड़ की आर्थिक सहायता मिलेगी

महासमुंद (आरएनएस)। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् खरीफ 2021 में उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषक इस योजना का लाभ ले सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि इस योजना के लिए उद्यानिकी फसल यथा-फल, सब्जी, मसाला, पुष्प में से कोई भी फसल खरीफ 2021 में लगाने वाले कृषक पात्र है। इसके लिए कृषक अपने क्षेत्र के उद्यानिकी विभाग के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अथवा कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से योजना आवेदन पत्र लेकर पूर्ण रूप से भरकर अपने आधार कार्ड एवं बैंक खाता की छायाप्रति के साथ जाकर सत्यापन कराकर अनुदान के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। संबंधित ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी कृषक सत्यापन पश्चात नजदीकी प्राथमिक सहकारी समिति में जमा करेंगे, जो आवेदन की पूर्ण विवरणी यूनिफाईट फार्मल पोर्टल पर दर्ज करेंगे। कृषक के आवेदन जमा करने से पोर्टल पर आवेदन की जानकारी अंकित करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2021 है। संबंधित क्षेत्र के पटवारी द्वारा गिरदावरी के साथ-साथ पोर्टल पर अनुदान हेतु आवेदित रकबा का मिलान कर वास्तविक फसल का रकबा दर्ज की जाएगी पटवारी द्वारा गिरदावरी पश्चात् दर्ज रकबा अनुसार प्रति एकड़ 9,000 रुपए के मान से उद्यानिकी फसल के रकबा अनुसार अनुदान राशि सीधे कृषक के बैंक खाते में शासन द्वारा जमा की जाएगी। इसी प्रकार यदि कृषक पहले धान लगाया था और उस रकबे में खरीफ 2021 में उद्यानिकी फसल लगाया है, ऐसे कृषकों को प्रति एकड़ 10,000 रुपए के मान से अनुदान उनके बैंक खाते में दी जाएगी।

ज्वलर्स दुकान में सेंध मारकर नगदी सहित 80 लाख के गहने चोरी, जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के गुढ़ियारी इलाके में ज्वेलरी शोरूम में सेंध लगाकर चोरों ने सोने,चांदी के गहने व नगदी 116000 रुपये कुल कीमत 80 लाख का चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि चोरों ने एक दिन पहले ही पास वाली दुकान किराए पर ली थी। वारदात वाली रात भी चोर इसी दुकान में रुके और छत के रास्ते शोरूम में दाखिल हुए।

मिली जानकारी के मुताबिक महावीर स्कुल के पास गुढियारी निवासी शांति लाल जैन 49 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का शुक्रवारी बाजार गुढियारी मे नवकार ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की ज्वेलर्री का दुकान है,02अक्टूबर को रात्रि 09 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गये थे दूसरे दिन रविवार को सुबह लगभग 11-00 बजे दुकान पहूंचे सामने से दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया तो ज्वेलरी दुकान का पुरा सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा हुआ था, दुकान के छत उपर लोहे का दरवाजा एवं शटर लगा हुआ जिसे गैस कटर से काटकर दुकान के अंदर प्रवेश कर सोने चांदी के जेवर में सोने के 1800 ग्राम के एवं चांदी के 56 किलो चांदी के जेवर व 13.800 ग्राम के लगभग पुरानी जेवर के गली हुई सिली नगदी रकम 1 लाख 16000 रुपये कुल जुमला किमती 80 लाख रूपये की सम्पति को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

घटना की सुचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए है। पता चला है कि छत पर लगे एक लोहे के गेट को चोरों ने गैस कटर से काटा। यहीं से बदमाश अंदर आए। सीढ़ियों से नीचे आकर सीसी टीवी कैमरे के सेटअप में लगे डीवीआर को निकाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने दुकान में रखे गहनों को 3-4 बैग में पैक किया और खाली डिब्बों को यही छोड़कर फार हो गए। रविवार को गुढ़ियारी थाना पुलिस और रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने ज्वेलरी शॉप का जायजा लिया। पुलिस को शक है कि प्रदेश से बाहर के किसी गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया होगा।

नवकार ज्वेलर्स में ही आरोपी अपना गैस कटर छोड़कर भागे हैं। इस गैस कटर के जरिए आरोपियों ने दुकान की बड़ी तिजोरी और सेफ हाउस का दरवाजा भी काट दिया। अंदर रखे बेशकीमती गहने चुरा लिए।

नवकार ज्वेलर्स के ठीक बगल की जलाराम गारमेंट्स नाम की दुकान है। जिसे बीते गुरुवार एक युवक ने आकर किराए पर लेने की बात की। युवक ने दुकान के मालिक को 40 हजार रुपए एडवांस दिए और कहा कि वो नवरात्र में दुकान शुरू करेगा। युवक ने शुक्रवार को फर्नीचर का काम करवाने के लिए मालिक से दुकान की चाबी ली। पुलिस को शक है कि बदमाशों ने शनिवार रात इस दुकान में ही बिताई। आधी रात दुकान के अंदर से तीसरे माले पर आए और छत से नवकार ज्वेलर्स में घुसकर इस बड़े कांड को अंजाम दे दिया।

एसईसीएल की कोयला खदानों में डीजल की चोरी

कोरबा (आरएनएस)। साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की कोयला खदानों में पहले एक संगठित गिरोह खदान में घुस कर भारी वाहनों से डीजल चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। अब छोटे छोटे गिरोह इस काम में लग गए हैं। एसईसीएल को होने वाले नुकसान पर अंकुश नहीं लग सका है। अभी भी हर रोज कुसमुंडा, गेवरा व दीपका से लगभग 1500 लीटर डीजल की चोरी की जा रही। पूर्व पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के जाते ही अपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने कवायद शुरू की गई। कोयला खदानों से होने वाली डीजल चोरी की घटना पर रोक लगाना सबसे बड़ी चुनौती थी। संगठित गिरोह का संचालन बिलासपुर में रहने वाला एक शख्स कर रहा था। इस गिरोह पर तो रोक लग गई, पर छोटे छोटे अलग अलग गिरोह तैयार हो गए हैं। अब दिनदहाड़े यह गिरोह पिकअप में खदान में घुसते हैं और डंपर से डीजल जेरीकेन में निकाल कर ले भागते हैं। कहने को तो एसईसीएल की विभागीय सुरक्षा कर्मी खदान में 24 घंटे तैनात रहते हैं, पर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सुरक्षा कर्मियों पर हमला करने से बाज नहीं आते। यही वजह है कि सुरक्षा कर्मी चोरों के सामना करने से कतराते हैं।

शराब पीने के लिए पैसे नहीं, फांसी का फंदा बनाकर झूल गया

कोरबा (आरएनएस)। परिवार की माली हालत ठीक नहीं होने पर भी नशे का आदी हो चुका युवक कल मध्यान्ह 10 रूपए शराब पीने के लिए पैसे नहीं होने की बात कहते हुए मां द्वारा मना किये जाने पर फांसी का फंदा बनाकर अपने परछी में झूल गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले में विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम कसनिया के खुटरीपारा निवासी युवक संदीप कुमार एक्का उम्र 22 वर्ष पिता फ्लसाय एक्का घर में कोई काम भी नहीं करता था। यहां तक की गलत संगत में पड़कर किशोरावस्था से ही वह शराब के नशे का आदी हो चुका था। जबकि परिवार में उसकी मां विद्या उरांव उम्र 45 अपने पुत्र संदीप एवं 17 वर्षीय पुत्री संजना एक्का की परवरिश रोजी मजदूरी करके करती चली आ रही थी। वहीं संदीप अपने दोस्तों के सोहबत में आकर शराब पीने के बाद दिन भर इधर.उधर टाईम पास किया करता था। शाम या रात के वक्त घर आता भी था तो मात्र खाना खाने और सोने के लिए। यही उसकी रोजाना की दिनचर्या हो गई थी। जिसके कारण उसकी मां भी आये दिन परेशान रहा करती थी। उसके द्वारा घर में रोजाना नशापान करने के बाद अशांती पैदा करने के चलते उसकी बहन संजना भी दिन भर पड़ोसी के घर जाकर अपना समय गुजारती थी।

बताया जाता है कि कल दोपहर को जब श्रीमती विद्या उरांव काम से खाना खाने के लिए घर आयी थी तो संदीप ने उससे शराब पीने में 10 रूपया कम होने का हवाला देते हुए किसी भी हालत में उक्त रूपए देने की जीद करने लगा। उस समय उसकी मां के पास पैसे नहीं थीए इसलिए उसने रूपये देने से मना करते हुए अपरान्ह अपने काम पर चली गई। इसी बीच बहन के पड़ोसी के घर जाने तथा मां के काम पर चले जाने पर संदीप एक्का ने अपने मकान की परछी में लगाए गए लोहे के पाईप में लायलोन की रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। देर शाम उसकी मां एवं बहन जब घर पहुंचे तो उसकी हालत देखकर रोना शुरू कर दी। जिसके बाद संजना एक्का अपने पड़ोसी को लेकर कटघोरा थाना पहुंची और अपने भाई द्वारा फांसी लगाए जाने की जानकारी दी। कटघोरा पुलिस ने संजना एक्का की सूचना पर मर्ग क्रमांक 92ध्21 कायम कर शव को आज सुबह फंदे से उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई के उपरांत उसे पीएम के लिए कटघोरा सीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

21वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया उद्घाटन

» पांच संभागों के खिलाड़ी ले रहे है भाग, 6 अक्टूबर तक चलेगी प्रतियोगिता

रायपुर (आरएनएस)। बिलासपुर में आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं वाणिज्य कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) एवं बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा किया गया। आगामी 6 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में राज्य के पांच संभागों के 1 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

पुलिस ग्राउण्ड बिलासपुर में आयोजित खेल के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह न्यायधानी बिलासपुर के लिए गौरव का क्षण है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त कि बिलासपुर के निवासियों को उत्कृष्ट खेल देखने का अवसर मिलेगा।

अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। विगत दिनों बिलासपुर में 42 करोड़ के खेल सुविधाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर में चार खेल एकेडमी की सौगात दी है। जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वे देश विदेश में नाम रोशन कर प्रदेश का मान बढाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिलासपुर के विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा कि खेल ऐसा कार्य है जो मेहनत, लगन, परिश्रम व बुद्धिमानी के साथ मैदान में उपस्थित रहकर करना पड़ता है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के बच्चें खेल में भाग ले रहे है। यह मंच जो उन्हें मिला है, उसका पूरा लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें। विशिष्ट अतिथि महापौर रामशरण यादव ने कहा कि कोरोना काल में बच्चों को बाहर जाकर खेलने का अवसर नहीं मिला था। अब यह अवसर उन्हें मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान और खेल के साथ साथ खिलाड़ियों के भरण-पोषण पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए जिससे खिलाड़ी अपने देश-प्रदेश का नाम रौशन करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी एस के प्रसाद ने दिया। उन्होंने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि राज्य के 547 बालक और 466 बालिकाएं बेसबाल, कबड्डी, कराटे, क्रिकेट और हॉकी प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए बेसबाल, 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग के लिए कबड्डी, 14,17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक बालिका वर्ग के लिए कराटे, 14 वर्ष आयु वर्ग के बालकों के लिए किक्रेट और 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए हॉकी प्रतियोगिताएं होंगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुरु सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवेका श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलत रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु यह संगठन मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU